फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 41/2020**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 11.08.2020 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2020/550–51 दिनांक 27.07.2020 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 24.02.2020 को सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस कार्यालय को दिनांक 26.02.2020 व इस अनुभाग को 26.02.2020 को प्राप्त हुआ है। प्रार्थी अपीलार्थी के आरटीआई आवेदन पत्र दिनांक 24.02.2020 से 01 से 05 की चाही गई सूचना कार्यालय के प्रभारी अधिकारी स्थापना अनुभाग बिन्दु संख्या 01 व 05 की व बिन्दु संख्या 02 व 03 प्रभारी अधिकारी लेखा अनुभाग की होने से इस अनुभाग के पत्रांक प.1( )सू0अ0,05/2020/258–60 दिनांक 27.02.2020 से सूचना उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया। प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा बिन्दु संख्या 04 की स्पष्ट विवरण के साथ सूचना का विवरण दिनांक 06.03.2020 को प्रसतुत करने पर वांछित सूचना के लिए प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग को पत्रांक प.1( )सू0अ0,05 /2020/336 दिनांक 06.03.2020 से सूचना उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया। प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय संबंधित अनुभाग के अभिलेख पर उपलब्ध अनुसार इस अनुभाग को उपलब्ध कराई गई जिसे प्रार्थी अपीलार्थी को वांछित सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 7(6) के तहत प्रार्थी अपीलार्थी को निशुल्क जरिये रजिस्टर्ड पत्रांक क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2020 /497 दिनांक 10.07.2020 से प्रेषित की जा चुकी हैं। प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा आरटीआई आवेदन पत्र से मांगी गई सूचना प्रार्थी को अभिलेख पर उपलब्ध अनुसार सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 7(6) के तहत प्रार्थी अपीलार्थी को निशुल्क जरिये रजिस्टर्ड उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्टानुसार प्रस्तुत अपील	

न्यायालय जिला कलक्टर

	में प्रार्थी/अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना को जरिये रजिस्टर्ड पत्रांक क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2020 /497 दिनांक 10.07.2020 से सूचित किया जा चुका हैं। अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर)राजसमन्द	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)